राजस्थान किसान महोत्सव का जयपुर में होगा आयोजन

चर्चा में क्यों

10 जून, 2023 को राजस्थान के कृषि मंत्री लालचंद कटारिया ने बताया कि राज्य में कृषि उत्पादकता बढ़ाने और किसानों को नवीनतम तकनीकों से रूबरू करवाने के लिये राज्य सरकार द्वारा 16-18 जून को जयपुर के सीतापुरा में जे.ई.सी.सी. में 'राजस्थान किसान महोत्सव' का आयोजन किया जाएगा।

प्रमुख बिंदु

- कृषि, प्रौद्योगिकी और व्यापार के क्षेत्र में लोगों को एक मंच पर लाने और कृषि एवम संबंधित क्षेत्रो में समावेशित विकास सुनिश्चित करने के लिये इस तरह के मेलों की महत्त्वपूर्ण भूमिका है।
- 'राजस्थान किसान महोत्सव' के अलावा 23-24 जून को उदयपुर एवं 30 जून और 01 जुलाई को जोधपुर में संभाग स्तरीय किसान मेलों का आयोजन किया जाएगा। राज्य स्तरीय किसान मेले में 50 हज़ार और संभाग स्तरीय मेले में 20-20 हज़ार किसान हिस्सा लेंगे।
- कृषि मंत्री ने बताया कि मेले में नयी कृषि तकनीकें किसानों को सिखाई जाएंगी, जिससे कम लागत में अधिक आय प्राप्त हो सके और किसानों की आर्थिक स्थिति मिजबूत बन सके।
- किसान महोत्सव में स्मार्ट फार्म, कृषि, बागवानी, पशुपालन, डेयरी, मत्स्यपालन व कृषि विपणन की विश्वस्तरीय तकनीकों का प्रदर्शन किया जाएगा। साथ ही, कृषि उत्पाद, औजार, बीज आदि की वृहद प्रदर्शनी लगाई जाएगी, एवं अत्याधुनिक कृषि मशीनरी का प्रदर्शन भी किया जाएगा।
- मेले में किसानों के लिये जाजम चौपाल भी रखी गई है जिसमें किसान विषय विशेषज्ञों से संवाद कर सकेंगे। कार्यक्रम में किसानों के लिये विषयवार सेमिनार और कृषक गोष्ठियों का कार्यक्रम भी रखा गया है।
- मेले में युवाओं को इंटरप्रेन्योर बनाने के लिये कृषि स्टार्ट-अप्स से मुलाकात करवाई जाएगी, जिससे युवा कृषि के क्षेत्र में उद्यमी बनकर नए रोज़गारों का सृजन कर सकेंगे। मेले में मनोरंजन का विशेष ध्यान रखा जाएगा। इसके लिये फिल्म, साहित्य व सांस्कृतिक कार्यक्रम भी रखे जाएंगे।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/rajasthan-kisan-mahotsav-will-be-organized-in-jaipur